शाहजहाँपुर पुलिस

सराहनीय कार्य 21.04.2026

थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस को मिली कामयाबी

थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी की घटना का सफल अनावरण, 02 बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में, चोरी किए गए सोने-चाँदी के आभूषण व नगदी बरामद।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहाँपुर द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन तथा थानाध्यक्ष सेहरामऊ दक्षिणी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 111/2026 धारा 305/331/317(2) बीएनएस व 9/25 आर्म्स एक्ट से संबंधित 02 बाल अपचारियों को दिनांक 20.04.2026 को समय करीब 14:34 बजे अभिरक्षा में लिया गया। उक्त बाल अपचारियों को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी श्री विजराम सिंह पुत्र गया सिंह निवासी ग्राम सिउरा, थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर द्वारा दिनांक 18.04.2026 को थाना स्थानीय पर उपस्थित होकर एक लिखित तहरीर प्रस्तुत की गई, जिसमें उल्लेख किया गया कि दिनांक 15.04.2026 से 16.04.2026 के मध्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी के घर में छत के रास्ते प्रवेश कर ताला तोड़ते हुए सोने-चाँदी के आभूषण एवं नगद धनराशि चोरी कर ली गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सेहरामऊ दक्षिणी पर मु0अ0सं0-0111/2026 धारा 305/331 भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा विवेचना उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह भदौरिया द्वारा संपादित की जा रही है। विवेचना के क्रम में संकलित साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 20.04.2026 को गठित पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना में संलिप्त 02 बाल अपचारियों को चिन्हित कर विधिक प्रावधानों के अनुरूप पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उक्त बाल अपचारियों की निशानदेही पर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया, जिसमें एक हार (पीली धातु), दो अंगूठी (पीली धातु), एक खड्डुआ (सफेद धातु), 17 बिछुआ (सफेद धातु), एक कंधोनी तीन लर वाली (सफेद धातु), एक पैडल (पीली धातु), एक कमर पेटी बिछुआ (सफेद धातु), एक चाबी कमर बिछुआ (सफेद धातु), 06 भारी पायल (सफेद धातु), 06 हल्की पायल (सफेद धातु) तथा 01 अदद चैन (पीली धातु) शामिल है। बरामद आभूषणों का कुल वजन पीली धातु 51.25 ग्राम एवं सफेद धातु 1041 ग्राम है। इसके अतिरिक्त 500 रुपये का एक नोट एवं 100 रुपये के तीन नोट (कुल 800 रुपये) भी बरामद हुए। इसी क्रम में एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर एवं एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर भी बरामद किया गया। बाल अपचारियों को थाना स्थानीय के बाल मित्र कक्ष में नियमानुसार रखा गया तथा उनके साथ किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप व्यवहार सुनिश्चित किया गया। तत्पश्चात आवश्यक विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण करते हुए बाल अपचारियों को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड, शाहजहाँपुर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

विवरण अभियोग जिनमें गिरफ्तारी की गयी -

मु0अ0स0- 111/2026 धारा- 305/331/317(2) बीएनएस व 9/25 आर्म्स एक्ट थाना सेहरामऊ दक्षिणी जनपद शाहजहाँपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1. एक हार (पीली धातु),
2. दो अंगूठी (पीली धातु),
3. एक खडुआ (सफेद धातु),
4. 17 बिछुआ (सफेद धातु),
5. एक कंधोनी तीन लर वाली (सफेद धातु),
6. एक पैडल (पीली धातु),
7. एक कमर पेटी बिछुआ (सफेद धातु),
8. एक चाबी कमर बिछुआ (सफेद धातु),
9. 06 भारी पायल (सफेद धातु),
10. 06 हल्की पायल (सफेद धातु) तथा
11. 01 अदद चैन (पीली धातु) शामिल है।

बरामद आभूषणों का कुल वजन पीली धातु 51.25 ग्राम एवं सफेद धातु 1041 ग्राम है। इसके अतिरिक्त 500 रुपये का एक नोट एवं 100 रुपये के तीन नोट (कुल 800 रुपये) भी बरामद हुए। इसी क्रम में एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर एवं एक अदद जिंदा कारतूस .315 बोर भी बरामद किया गया।

विवरण पूछताछ-

दौराने पूछताछ बाल अपचारियों द्वारा बताया गया कि कुछ दिन पूर्व ग्राम सिउरा स्थित एक घर में घुसकर दोनों द्वारा मिलकर चोरी की घटना कारित की गई थी। चोरी से प्राप्त सोने-चाँदी के आभूषण एवं नगद धनराशि को आपस में बांट लिया गया था। आगे बताया कि उक्त घटना के संबंध में वादी द्वारा थाना पर अभियोग पंजीकृत कराए जाने की जानकारी होने पर पकड़े जाने के भय से अपने-अपने हिस्से में आए आभूषणों को लेकर शहर से बाहर जाने का प्रयास कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया।

अभिरक्षा मे लेने वाली पुलिस टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 चन्द्रपाल सिंह थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 विपिन गौतम थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर।
3. का0 130 प्रदीप चौहान थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर।
4. का0 1809 कपिल चौधरी थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर।
5. 1977 विन्देश कुमार (सादे वस्त्रो मे) थाना से0म0द0 जनपद शाहजहाँपुर।